# बाढ़ व्यवस्था को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी वर्ष 2026-27 में संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बाढ़ से पहले की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने और समय से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जल निकासी, तटबंधों की सुरक्षा, बिजली व्यवस्था, राहत सामग्री और स्वास्थ्य सेवाओं सहित बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।





रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में आज वर्ष 2026-27 में आगामी सभावित बाढ़ से पूर्व समूचित तैयारी एवं कार्य योजना के लिए बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में एजेंडा बिन्दु अनुसार समीक्षा करते हुए बाढ़ से पूर्व कराये जाने वाले कार्य के लिए तटबंध/कटान वाले स्थानों पर रोकथाम के लिए बालू एवं बोरियों की उपलब्धता कराना, जल स्तर बढ़ने/घटने की सूचना उपलब्ध कराना कार्यवाही के लिए ड्रेनेज खंड शामली को निर्देशित किया गया। जल भराव की निकासी तथा सफाई व्यवस्था।,जल भराव की निकासी तथा सफाई व्यवस्था की प्रगति, नालों की सफाई कराकर सूचना उपलब्ध कराना, नगरीय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुचारू रखना, आदि के संबंध में नगर पालिका/नगर पंचायत/जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में ढीले एवं जर्जर तारों, अस्थाई एवं जर्जर पोल (खम्मा) आदि को हटाये जाने संबंधी आदि को लेकर विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। नाव एवं मोटरबोट की उपलब्ता बाढ़ में आवश्यकता के ख्रष्टिगत नाव का आंकलन एवं लाइफ जैकेट का आकलन करना के संबंध में राजस्व/नगर निकाय को निर्देशित किया गया।राशन वितरण एवं अन्य व्यवस्था,बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में ईंधन व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में, पीडीएस सिस्टम के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से राशन वितरण कराना। आदि को लेकर जिला आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए।

बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो में सड़क एवं पुलियों की मरम्मत तथा आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था, सडक एवं पुलिया की मरम्मत की प्रगति, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत व आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था की प्रगति के संबंध में लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ से पूर्व एवं बाढ़ के दौरान क्या-क्या तैयारी की जानी है को लेकर समस्त उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने से संबंधित कार्ययोजना तैयार कराकर संबंधित को उपलब्ध करा दें इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो।

आयोजित बैठक में बाढ़ प्रबंधन योजना को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए समस्त संबंधित विभागों को किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ से उत्पन्न होने वाले विभिन्न बीमारियों से निपटने के लिए दवाई आदि की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया जो भी स्वास्थ्य विभाग के पास दवाई का स्टोक है उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा बाढ़ चौकिया/शरणालयो सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस विभाग को निर्देश दिए। पेयजल व्यवस्था के संबंध में हैंड पंप की मरम्मत एवं रख रखाव आदि की व्यवस्था के संबंध में जल निगम, नगर निकाय, नलकूप खंड, पंचायत राज को निर्देशित किया गया। बैठक में हीट वेव के दृष्टिगत कार्ययोजना के निर्देश दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग में पशुओं की दवाइयां, वैक्सीनेशन, भूसा चारा एवं शुद्ध पेयजल की समीक्षा की और गौशाला में व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पूर्व से सभी तैयारी सुनिश्चित हो। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह,पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द, सुधांशु मनोहर सिंह, ड्रेनेज खंड शामली/मुजफ्फरनगर, विवेक वार्ष्णेय अधिशासी अभियंता पूर्वी यमुनानगर शामली, समस्त उपजिलाधिकारी/स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी शामली, जिला पशुपालन विभाग, जिला कृषि अधिकारी शामली,लोक निर्माण विभाग,नलकूप खण्ड, जल निगम, लघु सिंचाई, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत जनपद शामली आदि संबंधी विभाग उपस्थित रहें।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रविवार को उपनिरीक्षक अशोक कुमार टीम के साथ चौकी क्षेत्र अहमदगढ़ में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सींगरा स्थित बाबरिया कॉलोनी के खंडहर में एक व्यक्ति अवैध असलाह लेकर बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपीत ने अपना नाम राहुल पुत्र कालूराम निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर, थाना झिंझाना, जनपद शामली बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## चौधरी चरण सिंह पुण्यतिथि पर किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य जाट महासभा शामली की मासिक बैठक भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 29 मई को देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ-हवन एवं विचार गोष्ठी आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सुनील निर्वाल व सचिव दिव्य प्रभाकर ने बताया कि 29 मई को जाट भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यज्ञ-हवन के साथ ही चौधरी चरण सिंह के जीवन, संघर्ष एवं किसानों के हित में किए गए कार्यों पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा महासभा के वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समाज के प्रतिभाशाली छात्रा-छात्राओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले सजातीय बंधु-बहनों को सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष नरेश मलिक, बाबूराम पंवार, राजकुमार चेयरमैन, रामपाल सिंह देशवाल, ओमपाल सिंह निर्वाल, मास्टर कंवरपाल सिंह एवं डॉ. ओमपाल सिंह मौजूद रहे।




## हाईटेंशन तार चोरों के गिरोह का हुआ पर्दाफाश

**□ पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार कर 23 बंडल तार, बुलेरो, पिकअप, छोटा हाथी व अर्टिगा की बरामद।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना बाबरी पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हाईटेंशन विद्युत तार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 23 बंडल हाईटेंशन विद्युत तार, चार वाहन तथा तार काटने के उपकरण बरामद किए हैं। रविवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाबरी पुलिस और सर्विलांस टीम ने हाईटेंशन विद्युत तार चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने जनपद शामली के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हाईटेंशन विद्युत तार चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। इनमें थाना झिंझाना क्षेत्र के ग्राम टोड़ा, थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के ग्राम भैंसवाल, थाना कांधला क्षेत्र के ग्राम कनियान तथा थाना बाबरी क्षेत्र के ग्राम भाज्जू में विद्युत तार चोरी की घटनाएं शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सुनसान एवं कम आवागमन वाले ग्रामीण और जंगल क्षेत्रों में लगे हाईटेंशन विद्युत लाइनों को चिन्हित करते थे। इसके बाद रात के समय विभिन्न वाहनों से मौके पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक वायर कटर, ब्लेड और दस्तानों की मदद से तार काटते थे। चोरी किए गए तारों को पहले जंगल या सुनसान स्थानों पर छिपा दिया जाता था और बाद में अलग-अलग वाहनों से ले जाकर बेचने की योजना बनाई जाती थी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं, जो विभिन्न राज्यों और जनपदों में योजनाबद्ध तरीके से विद्युत तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरोह के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है तथा अन्य राज्यों और जनपदों में इनके खिलाफ दर्ज मामलों की भी जांच की जा रही है। पकडे गए आरोपियों ने अपने नाम दीपक कुमार उर्फ गोलू, फरमान, अफसर, मुशीद, आकाश कुमार, देवेंद्र गुप्ता, नितीश कुमार, नीरज, जगनू तथा इन्द्रजीत बताया है, जिसमें पास से 23 बंडल हाईटेंशन विद्युत तार, दो बोलेरो पिकअप, एक छोटा हाथी वाहन, एक अर्टिगा कार तथा तार काटने के उपकरण बरामद किए हैं।



# जैन धर्मशाला में भव्य संकीर्तन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला के बीच शनिवार देर रात्रि तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में श्री बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में किशोरी मोहे अपनों की लीजो 5वें संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देर रात तक भक्ति रस की गंगा बहती रही। जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।





संकीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल, कुशांक चौहान, विनोद गर्ग और प्रदीप कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद भजन संध्या का क्रम शुरू हुआ, जिसमें बाहर से आए प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुति से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। वृंदावन से पधारी दीदी आरूषि गंभीर, बरसाना से पियूष भार्गव, शामली के सौरभ वर्मा और हरीश नामदेव ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। हराधा नाम की लगनह और हश्याम तेरी बंसी पुकारेह जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा परिसर हराधे-राधेह और श्याम नाम के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इस अवसर पर श्री बांके बिहारी, श्री राधा बल्लभ और श्री राधा रमण का भव्य दरबार सजाया गया। दरबार को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। साथ ही 56 भोग अर्पित किए गए और 108 ज्योतियों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया गया। देर रात आतिशबाजी ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। संकीर्तन के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा परिसर खचाखच भरा रहा। इस अवसर पर रविकांत गर्ग, शिवांक गर्ग, ओमप्रकाश बाबू, रिचांशु गोयल, अर्पित गुप्ता, राघव जैन, आयुष गुप्ता, शिवम सिंघल, अंकित संगल, दीपक गोयल, अयुषमान, आकाश संगल, अनमोल गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## कचौरीनाथ मंदिर में शुरू हुआ निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन कचौरी नाथ मंदिर निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर मंदिर के संतों ने मीडिया से वार्ता कर बताया कि योगी सरकार द्वारा मंदिर भवन निर्माण एवं सौंदर्यकरण के लिए एक करोड़ 9 लाख रुपऐ सरकार द्वारा स्वीकृत हुए हैं। चार-पांच महीने पूर्व ठेकेदार ने मंदिर परिसर पहुंचकर अपने कार्य की शुरुआत की थी कार्य करने के दौरान ठेकेदार लेबर द्वारा मंदिर परिसर की एक दीवार को तोड़ा गया था तथा उसमें लगे पेड़ों को भी कटवाया गया था उसके बाद ठेकेदार ने अपना कार्य बंद कर दिया कई महीने बीत जाने के बाद मंदिर कमेटी अध्यक्ष ने कई बार नगर पंचायत कार्यालय को निर्माण कार्य नहीं होने के संबंध में अवगत कराया। लेकिन वहां से अध्यक्ष को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला स जिससे मंदिर के संतो एवं श्रद्धालुओं में ठेकेदार के प्रति भारी रोष व्याप्त हो गया स शनिवार सुबह मंदिर के संतों ने मीडिया कर्मियों को बुलाकर वार्ता कर धमकी दी कि अगर मंदिर के सौंदरीकरण व भवन निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो मंदिर के संतगण भूख हड़ताल करगे उसके बाद यह खबर एक समाचार न्यूज ऐप पर प्रसारित हो गई उसके बाद ठेकेदार तुरंत जेसीबी मशीन व मजदूर लेकर मंदिर परिसर में पहुंच गया और अपना कार्य शुरू कर दिया स कचोरी नाथ मंदिर के संत योगी सतीश नाथ महाराज ने बताया ठेकेदार ने अपना कार्य शुरू कर दिया है अच्छी बात है स कि यह ठेकेदार मंदिर सौंदर्यकरण व भवन निर्माण का कार्य पूरा करें हमारी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार दोबारा निर्माण कार्य बीच मे छोड़कर जाता है तो हमें मजबूर होकर भूख हड़ताल पर बैठना पड़ेगा ।

## युवक पर जानलेवा हमले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के सुंदरनगर गेट के पास घर लौट रहे एक युवक पर तीन युवकों ने कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला चांद कॉलोनी, नायरा पेट्रोल पंप के निकट निवासी समीर पुत्र इरफान ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक मई की रात करीब 10 बजे वह सुंदरनगर से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह सुंदरनगर गेट के सामने पहुंचा तो वहां पहले से खड़े शोयब, वसीक पुत्र शफीक और आफताब, निवासी सुंदरनगर ने उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि तीनों आरोपी हाथों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार लिए हुए थे। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो तीनों ने एकराय होकर उस पर हमला कर दिया। हमले में समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। समीर की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद कबीर, शमीम समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसे हमलावरों से बचाया। पीड़ित का आरोप है कि यदि लोग मौके पर नहीं पहुंचते तो आरोपी उसकी जान ले सकते थे।

आरोप है कि हमलावर जाते समय दोबारा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद घायल समीर ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी और मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने ट्यूबवेल व नलकूप चोरी के आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ट्यूबवेल एवं नलकूपों से हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया तांबे का तार, नगदी तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।

रविवार को शामली पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरटी, काबड़ौत, बलवा एवं लांक के जंगल में स्थित टयूबवेल एवं नलकूपों से बीती फरवरी, मार्च और मई माह में चोरी की घटनाएं हुई थीं। अज्ञात चोरों द्वारा टयूबवेलों से तार चोरी किए जाने के संबंध में थाना कोतवाली शामली में मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार को चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक उर्फ विक्की पुत्र राकेश तथा अश्वनी उर्फ गोलू पुत्र शहजोर निवासीगण ग्राम भभीसा थाना कांधला शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 990 ग्राम चोरी किया गया तांबे का तार, चोरी का सामान बेचकर प्राप्त 1800 रुपये की नगदी तथा चोरी में प्रयुक्त पेंचकस और प्लास बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ सिटी जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



# पारिवारिक रंजिश में युवक को मिली धमकी, सौंपी रिकॉर्डिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद इस कदर बढ़ गया कि एक युवक को अपनी और बच्चों की सुरक्षा के चलते घर छोड़कर दूसरे मोहल्ले में शरण लेनी पड़ी। पीड़ित ने अपने भाई-बहन समेत पांच लोगों पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने और लगातार उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आकला निवासी साजिद पुत्र मुस्तफा, जो वर्तमान में छड़ियान रोड स्थित मीट फैक्ट्री के पास रह रहा है, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब आठ दिन पहले उसके नाबालिग बेटे माज के साथ मोहल्ला कायस्थवाड़ा निवासी वली पुत्र इरशाद ने मारपीट की थी। जब उसने इस मामले की शिकायत वली के पिता इरशाद से की तो वह नाराज हो गया और तभी से उससे रंजिश रखने लगा। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद इरशाद ने उसके भाई सलमान, आरिफ, बहन शाइस्ता और पिता मुस्तफा को उसके खिलाफ भड़का दिया। इसके चलते उसे लगातार धमकियां मिलने लगीं, जिससे डरकर उसे अपना घर छोड़ना पड़ा। साजिद ने बताया कि एक मई की रात करीब 10:37 बजे उसके भाई आरिफ ने फोन कर उसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके कुछ देर बाद सलमान और शाइस्ता ने भी अलग-अलग नंबरों से फोन कर उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सलमान ने उसे घर वापस आने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के डर से वह अपने घर से घरेलू सामान और फनह्लचर तक नहीं निकाल पा रहा है। उसे आशंका है कि आरोपी किसी भी समय उसके साथ या उसके बच्चों के साथ कोई गंभीर वारदात कर सकते हैं। साजिद ने पुलिस को बताया कि धमकी भरे फोन कॉल की रिकॉर्डिंग उसके पास सुरक्षित है, जिसे उसने साक्ष्य के रूप में पुलिस को उपलब्ध कराया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सलमान, आरिफ, शाइस्ता, मुस्तफा और वली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, थानाभवन, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरियता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# दोस्त के बेटे की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना नगर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या करने की आरोपी महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

एसपी सिटी व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 1 मई को वादिया श्रीमती ज्योति पत्नी बालकृष्ण निवासी केश. वनगर नुमाईश कैम्प ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका 14 साल का नाबालिग बेटा घर से सामान लेने गया था जो वापस लौटकर नहीं आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि मुकदमा उपरोक्त में गठित पुलिस टीमों ने छानबीन कर




जांच में जो साक्ष्य संकलित किए, उनमें सीसीटीवी फुटेज में एक महिला उक्त बच्चे को स्कूटी पर बैठाकर कहीं जा रही है जिसकी शिनाख्त के लिए आसपास पूछताछ की गई तो महिला का नाम पूजा पत्नी रवि मोहन निवासी रूड़की कैम्प नुमाईश कैम्प थाना कोतवाली नगर सहारनपुर प्रकाश में आया जिसे पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की।

एसपी सिटी ने बिंदल ने बताया कि पूछताछ करने पर गिरफ्तार की गई महिला पूजा ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मैंने वादिया ज्योति से अपना बदला लेने के लिए उसके पुत्र को अम्बाला-सरसावा रोड स्थित बड़ी नहर में मारने के उद्देश्य से गहरे पानी में धक्का दे दिया है। पुलिस ने आसपास की फोर्स व 17 गोताखोरों को बुलाकर तथा नहर का पानी बंद कराकर आज गुमशुदा बच्चे को बड़ी नहर से मृत अवस्था में बरामद कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार महिला ने पूछताछ के दौरान बताया कि मेरी ज्योति के साथ बहुत गहरी मित्रता थी परंतु आपसी लेनदेन को लेकर हमारे बीच अनबन हो गई थी जिसका बदला लेने के लिए मैंने ज्योति के पुत्र को जान से मारकर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला का धारा-103(1) बीएनएस में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# संजय गर्ग ने की हॉर्टिकल्चर कॉलेज बनाने की मांग

## पूर्व राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व राज्य मंत्री एवं वरिष्ठ नेता संजय गर्ग ने सहारनपुर को कृषि एवं औद्योगिक शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण पत्र भेजकर बड़ा प्रस्ताव रखा है। उन्होंने मां शाकंभरी विश्वविद्यालय में कृषि एवं औद्योगिक संकाय को मजबूती देने के लिए कंपनी बाग स्थित औद्योगिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र को विश्वविद्यालय परिसर से जोड़कर हॉर्टिकल्चर महाविद्यालय के रूप में संचालित किए जाने की मांग की है।

संजय गर्ग ने अपने पत्र में कहा कि वर्ष 2016 में सहारनपुर के औद्योगिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र को औद्योगिक विश्वविद्यालय के रूप में विक. सित करने का विजन तैयार किया गया था। वर्तमान में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह अवसर और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है कि इस केंद्र को विश्वविद्यालय के ऑफ कैंपस मॉडल के रूप में विकसित किया जाए।

उन्होंने प्रस्तावित किया कि विश्वविद्यालय परिसर में कृषि शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण, अनुसंधान, जैविक खेती, नर्सरी विकास और आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए अतिरिक्त भूमि क्रय की जाए। इससे सहारनपुर न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि-आधारित शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि किसानों, युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और स्वरोजगार के बेहतर अवसर भी मिलेंगे।

संजय गर्ग ने अपने प्रयासों को क्षेत्रीय विकास से जोड़ते हुए कहा कि इस पहल से सरकार की कृषि, औद्योगिक आत्मनिर्भरता और ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की नीतियों को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रस्ताव को सहानुभूतिपूर्वक स्वीकार कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

उन्होने कहा कि राजनीतिक और शैक्षिक दृष्टि से यह पहल सहारनपुर के लिए दूरगामी साबित हो सकती है, जिससे जिले को शिक्षा, अनुसंधान और कृषि नवाचार का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा: उम्मेद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नवागत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं सभी पत्रकार पुलिस को भरपूर सहयोग करें। शांति और कानून व्यवस्था कायम रखना और पीड़ित को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है।



नवागत कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार द्वारा आयोजित मीडिया से परिचय बैठक में इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्त्वपूर्ण अंग हैं जो आम जनता की समस्याओं को अधिकारियों तक पहुँचाते हैं।जिससे आम जनता को लाभ होता है।पत्रकार आम जनमानस के बीच रहते हैं जिससे वह अधिकांश मामलों को गहराई से समझते हैं। वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, डॉ ताहिर मलिक ने कहा कि सभी पत्रकार हमेशा पुलिस प्रशासन को सहयोग करते हैं। पुलिस भी समाचार संकलन में पत्रकारों को सहयोग करे।

इस दौरान एसआई ललित कुमार, पत्रकार विपुल जैन, राजन गुप्ता, तारिक सिद्दीकी, डॉ अनुज सैनी, कन्हैया गुप्ता, सुशील शर्मा, अमजद सिद्दीकी, नाजिम अहमद, वरदान, घनश्याम दास आदि मौजूद रहे।

# 15 को होने वाली महापंचायत में करें भागेदारी: शमशाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय मिरासी समाज के तत्वाधान में समाज को एकजुट कर अपने अधिकारों की लड़ाई को तेज करने एवं समाज के उद्धार के लिए होने वाली महापंचायत को लेकर समिति के शीर्ष नेतृत्व ने सहारनपुर पहुंचकर मिरासियान एकता कमेटी से समर्थन की मांग की कमेटी के सभी पदाधिकारी ने समाज हित को देखते हुए आगामी महापंचायत को अपना समर्थन देने का आह्वान किया।

अखिल भारतीय मिरासी समाज महापंचायत समिति का शीर्ष नेतृत्व सहारनपुर मिरासी बिरादरी के चौधरी हाजी असगर अली के यहां निमंत्रण एवं मिरा.



सियान एकता कमेटी के समर्थन को लेकर पहुंचा। जहां समिति के सभी पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शमशाद मीर ने अपने संबोधन में कहां की आने वाली 15 मई को मुजफ्फरनगर में होने वाली इस महापंचायत में देशभर से मिरासी समाज के लोग इकट्ठा होंगे। वही मिरासियान एकता कमेटी के सदर मौ.फारुख ने कहा कि आज हमारे समाज में शिक्षा का अभाव है हमें एकजुट होकर समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता शिक्षित होकर ही समाज का उद्धार हो सकता है। अखिल भारतीय मिरासी समाज के प्रति. निधि मंडल में हाफिज नफीस अहमद, अरशद खान मीर गुलाम खान मर इसरार मीर शौकीन मीर आदि पहुंचे वही मिरासियान एकता कमेटी की ओर से सरपरस्त गुलाम जिलानी, नायाब चौधरी अमजद अली, नायब सदर शफात हुसैन, सचिव जीशान अली प्रवक्ता मौ. असलम, मीडिया प्रभारी मौ. अकरम, नवाब अली अली अहमद, शेरू, मौ. शाहनवाज, मोनू, अमन, इशरत, सद्दाम आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा

**चिलकाना।** कस्बा सुल्तानपुर निवासी पीड़ित महिला ने 04 लोगों के खिलाफ थाना पर तहरीर देकर उसके पति पर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगाया।

पीड़िता ने बताया है कि उसके पति अमित कुमार ने ग्राम फिरोजाबाद के मेले मे मिष्ठान की दुकान लगा रखी है। विगत 26 अप्रैल को उनकी दुकान पर काम करने वाला नौकर निखिल पुत्र प्रमोद कुमार बराबर में विपक्षीगण की दुकान पर चला गया था। जिसे बुलाने के लिए पति अमित भी वहाँ पहुँच गया। आरोप है कि जैसे ही अमित वहां से अपने नौकर निखिल को लेकर अपनी दुकान पर आया तभी विपक्षीगण अमित की दुकान के अंदर घुस आये और उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अमित व को गम्भीर चोट आई थी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति अभी भी अस्पताल में भर्ती है जिसका ईलाज उसी समय से चल रहा है। वह पति की जान की सुरक्षा में लगी रही। इसलिए देर से रिपोर्ट को आई। वहीं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अभिषेक पुत्र मोनू, मोनू व राजकुमार पुत्र ताराचन्द तथा लविश उर्फ कल्लू पुत्र मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# गर्मजोशी के साथ सांसद अरुण का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर पहुंचकर मां भवानी के दर्शन किए तथा देश, प्रदेश और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान फतेहपुर बस स्टैंड स्थित मां शाकंभरी प्रॉपर्टीज कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा उनका भव्य, ऐतिहासिक और जोरदार स्वागत किया गया।

शनिवार को सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर दर्शनों को जाते समय भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद



अरुण सिंह का डॉक्टर सचिन सैनी, कुलदीप चौहान, नीटू सैनी, नवीन चौहान, दीपक सैनी, विनय चौहान, गजेंद्र चौहान सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर उनके साथ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी , पूर्व विधायक महिपाल माजरा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत राणा, संजय चौहान सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा को जाता है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती और जनसमर्थन का प्रतीक बताया। अरुण सिंह के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली।

## चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** कस्बा सुल्तानपुर निवासी पीड़ित महिला ने 4 लोगों के खिलाफ थाना पर तहरीर देकर उसके पति पर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी।

पीड़िता ने बताया है कि उसके पति अमित कुमार ने ग्राम फिरोजाबाद के मेले मे मिष्ठान की दुकान लगा रखी है। विगत 26 अप्रैल को उनकी दुकान पर काम करने वाला नौकर निखिल पुत्र प्रमोद कुमार बराबर में विपक्षीगण की दुकान पर चला गया था। आरोप है कि अमित वहां से अपने नौकर निखिल को लेकर अपनी दुकान पर आया।

# फल व सब्जियों का बताया महत्व




**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय "फल एवं सब्जियों का महत्व" विषय पर आधारित विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्ले ग्रुप से कक्षा प्रथम तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शालू चौधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रथम दिवस पर शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को फलों व सब्जियों के बारे में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। बच्चों ने इनके उपयोग, पोषण तत्वों एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में सीखा। द्वितीय दिवस पर विद्यालय परिसर में "फ्रूट पार्टी" का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थी अपने-अपने पसंदीदा फल लेकर आए तथा आपस में साझा कर फलाहार का आनंद लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों के ज्ञान में वृद्धि हुई और उनकी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। "इस अवसर पर नीरज, पूजा, रूबी, बालेश, जानवी, सदफ, ट्विंकल, नैना,घ्सुनीता आदि मौजूद रहे।

# गैस उपभोक्ताओं की लगी लम्बी कतारें



**गंगोह।** तीतरो में इंडियन गैस एजेंसी पर इन दिनों उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

एक ओर जहां सरकार गैस की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर एजेंसी के बाहर लगी भीड़ इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में लगभग छ993 की बढ़ोतरी और पेट्रोल की कीमतों में इजाफा भी लोगों की चिंता बढ़ा रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर एजेंसी पर इतनी लंबी कतारें क्यों लग रही हैं। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि कहीं जमाखोरी तो नहीं की जा रही या फिर आपूर्ति व्यवस्था में कोई कमी है।

लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जल्द से जल्द व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# दिव्य शक्ति अखाड़ा में दो नए महामंडलेश्वर शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य शक्ति अखाड़ा सहारनपुर एवं ब्रह्माकुमारीज दिल्ली जोन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय संत सम्मान समारोह में दो नए महामंडलेश्वरों का विधि-विधान के साथ अभिषेक किया गया।।

समारोह में सतना से आचार्य परमानन्द महाराज एवं संत भूपेन्द्रानंद स्वामी महाराज को दिव्य शक्ति अखाड़ा में महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर महाराज ने समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की



रक्षा के लिए संत समाज को आपसी भेदभाव भुलाकर निस्वार्थ भाव से कार्य करना होगा। आशीर्वाद प्रदान करने वालों में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से ओम शांति रिट्रीट सेंटर की निर्देशिका राजयोगिनी तपस्विनी बीके आशा दीदी, राजयोगी तपस्वी नारायर्ण, सपना दीदी, संचालिका रानी दीदी, माउंट आबू मुख्यालय की वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका उषा दीदी एवं प्रयागराज से पधारी धार्मिक विभाग प्रमुख मनोरमा दीदी शामिल रहीं। नवनियुक्त महामंडलेश्वरों को पंचतीर्थी आश्रम के पीठाधीश्वर एवं अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष स्वामी रामदेव महाराज, पीठाधीश्वर पीताम्बरा विद्यापीठ सीकरी तीर्थ आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. सुरेंद्र शर्मा महाराज, महामंडलेश्वर अरविंदर शास्त्री महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. रेखा बांका महाराज, महामंडलेश्वर जगदीश बेदी महाराज, महामंडलेश्वर प्रफुल्ल रंजन हलदर महाराज, महामंडलेश्वर संत सुनील शुक्ला महाराज, महामंडलेश्वर रामशंकर तिवारी महाराज, अखाड़ा संयोजक संत चंदन पाराशर , संत सुधीर मिश्रा , आचार्य रोहित कुमार, गुरु माता चेतना, संरक्षक युधिष्ठिर लाल बांका, आचार्य प्रवीण भान, महर्षि भारत भूषण, गुरु माता साध्वी अनीता एवं प्रेस प्रवक्ता कुमारी मनीषा द्वारा प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, त्रिशूल, अंग वस्त्र, रेहल, साधना दण्डी, अभिमंत्रित गंगोत्री जल एवं आसन भेंट कर चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. अलताफ व पुत्रवधू नाजिया को अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उनका कोई भी संबंध नहीं रहेगा।

**मौ. शमशाद पुत्र यासीन**
**नि. मौहल्ला बहलवानन अली मस्जिद के पास सहारनपुर।**

# वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विज. ेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि उमेश गोयल, संजय कांत गुप्ता, वीणा कांत गुप्ता व शुभम गुप्ता ने मां सरस्वती समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य लिटिल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य दीपक सैनी, कोऑर्डिनेटर उमा गर्ग, वंदना वर्मा ने मां के चरणों में पुष्प अर्पित किए। प्रतियोगिता के मुख्य विषय सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप व इलेक्ट्रिक व्हीकल भविष्य की जरूरत और



चुनौतियां रहा। रेड हाउस से गरिमा, इतिश्री, तान्या, प्रणव, येलो हाउस से कनिका गोयल, आराध्या तायल, आराध्या सैनी, अर्णव चौधरी, ब्लू हाउस से सोनाक्षी, आर्यन सैनी, आरती, दिव्या सैनी व ग्रीन हाउस से आराध्या चौधरी, गोल्डी, तन्वी गोयल, वंश आदि ने भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास और उनके शोध की जमकर प्रशंसा की। निर्णायक मंडल में उमेश गोयल, वीणा कांत गुप्ता, शुभम गुप्ता व प्रधानाचार्य लिटिल अग्रवाल रहे। सोशल मीडिया विषय में प्रथम रेड हाउस प्रथम व इलेक्ट्रिक व्हीकल में ग्रीन हाउस प्रथम रहा। अंत में विजयी प्रतिभागियों और चारों सदनों को सम्मानित किया गया। फोन के माध्यम से समिति अध्यक्ष मोगोपाल गोयल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। संचालन गीता शर्मा, जसप्रीत व अरुणा ने किया।

इस अवसर पर निखिल टांक, सचिन शर्मा, आशीष भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## दो शातिर चोर दबोचे

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी किए गए बिजली के तार, दो स्टील प्लेट व दो हजार रूपए की नगदी बरामद कर ली।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना सदर बाजार पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक देवीचरण के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित दो आरोपियों सन्नी कर्णवाल पुत्र चमनलाल निवासी ग्राम चुनैहटी गाढ़ा व रोशन पुत्र शशिभूषण निवासी तेल मिल के पास लेबर कालोनी को कांशीराम कालोनी से दबोच लिया। कब्जे से चोरी किए गए विद्युत तार व दो हजार रूपए की नगदी बरामद कर ली।

# गौकशी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बेहट।** कोतवाली बेहट के गांव रतनपुरा में करीब एक सप्ताह पूर्व जंगल मे हुई गोकशी के मामले मे फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि वे क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने सूचना दी कि गांव रतनपुरा में गोकशी में नामजद आरोपी गांव टोली के पास कही जाने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस कलसिया रतनपुरा से आगे ग्राम टोली के रास्ते से गिरफ्तार किया है । पुलिस द्वारा पकड़े के व्यक्ति से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम आकिब उर्फ बग्गा पुत्र गुफरान निवासी ग्राम ताजपुर बताया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम रतनपुर के जंगल में गोकशी की थी गांव में जग हो जाने के कारण हम लोग गौवंश को मौके पर ही छोड़कर भाग गए थे। उसने बताया कि आज मैं कहीं बाहर जाने की फिराक में था तभी पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया है ।उन्होंने बताया कि आरोपी कोपकड़ने वाली टीम मे उप निरीक्षक करण नागर, उप निरीक्षक रविंद्र कसाना,हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह,कांस्टेबल संजू सैम,कांस्टेबल जसवंत सिंह रहे।

## सर्वसम्मति से अफजल खान चुने गए अध्यक्ष

**गंगोह।** प्रेस क्लब के सर्वसम्मत चुनाव में अफजल खान अध्यक्ष और उमंग गर्ग महामंत्री चुने गये। चुनाव अधिकारी एमजेएफ अरविन्द कपूर ने उक्त घोषणा करते हुए बताया कि इनके अलावा रमेशचंद गर्ग उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र अरोडा कोषाध्यक्ष व सुहैल खान कार्यालय प्रभारी चुने गये। चुनाव अधिकारी की घोषणा के उपरान्त निर्वाचित साथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बलबीर सिंह तोमर, राजेश्वर शर्मा, अरविन्द टेबक, भारत गर्ग, विजेन्द्र सैनी, नौशाद चौधरी, श्रवण शर्मा, डा. राकेश गर्ग, मनोज माहेश्वरी मौजूद रहें।

# महमूदपुर जाटोवाला पहुंचा सपा का डेलिगेशन

## पीड़ित परिवारों को अखिलेश की ओर से विधायक उमर अली खान व पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सौंपी आर्थिक मदद





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बेहट विधानसभा के ग्राम महमूदपुर जाटोवाला पहुंचा और पीड़ित परिवारों से मिलकर पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद की गई।

गौरतलब है पिछले दिनों महमूदपुर जाटों वाला गाँव के 3 युवकों इस्तखार पुत्र अशफाक, शौकीन पुत्र हारून तथा असगर पुत्र नेकी की बजरी के डम्पर (ट्रक) के नीचे दबकर मृत्यु हो गई थी। परिवार में कमाने वाले मृतक युवक ही थे जिस के चलते पीड़ित परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।

सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद हाजी फजलूर्रहमान के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले तीनों पीड़ित परिवारों से मुलाकघत कर पार्टी की ओर से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने शोक संतप्त परिवारों से संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया, हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से पीड़ित परिवारों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता इसीलिए प्रदान की गई, ताकि वे इस कठिन परिस्थिति का सामना कर सकें।

बेहट विधायक उमर अली खघन ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा दुख की घड़ी में जनता के साथ खड़ी रहती है और आगे भी हर जरूरतमंद की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। विधायक उमर अली खान ने शासन से मांग की है कि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

इस दौरान मुख्य रूप से रागिब अली, फरहान खान प्रति. निधि विधायक, मुन्नू खान, ग्राम हारून चौधरी, पूर्व प्रधान चौधरी राशिद, डॉक्टर सालिम विनोद पाल, सुलेमान खघन, निसार अब्बासी, हाशिम बीडीसी, शहजाद मंसूरी, अनिल कुमार, सुरेंद्र, सैयद हसन सहित आदि सपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक चौ. किरत के कर कमलों से मंदिर व स्टेडियम के सौन्दर्यकरण का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गांव रणढेड़ी में रविवार को बाबा घुमरा देव मंदिर एवं बाबा घुमरा देव स्टेडियम के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का लोकार्पण गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक चौधरी किरत सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिससे धार्मिक स्थलों की भव्यता बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बाबा घुमरा देव मंदिर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जिसके सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इससे मंदिर परिसर और अधिक आकर्षक और दिव्य बनेगा, साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

विधायक ने बाबा घुमरा देव स्टेडियम के लोकार्पण को क्षेत्र के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को खेल के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष वीरसेन कश्यप, मंडल अध्यक्ष विजयपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजपाल सैनी, डायरेक्टर सत्यपाल सिंह, जिला मंत्री मांगेराम सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, राधे श्याम शर्मा, अनुज प्रधान, नीरज प्रधान, राजकुमार खेड़ी, कर्म सिंह, मुनेश प्रधान, मनोज प्रधान, मदन सिंह, अमित चौधरी, एडवोकेट सुशील चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# डा.रूचि को बेस्ट रिसोर्स पर्सन अवार्ड



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न इंटरनेशनल विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रुचि शर्मा को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बेस्ट रिसोर्स पर्सन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. शर्मा सीबीएसई से बीस वर्षों से अधिक समय से जुड़ी हैं। बेस्ट ट्रेनर सम्मान समारोह डीपीएस हरिद्वार में आयोजित हुआ। सीबीएसई द्वारा देशभर से 700 आवेदकों में से मात्र 30 संसाधन व्यक्तियों का चयन किया गया था। अब तक डॉ. रुचि शर्मा 60 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण और 150+ घंटे का ऑफलाइन ब्लैंम प्रशिक्षण देशभर के शिक्षकों को दे चुकी हैं। विगत कई वर्षों से वह आशा मॉडर्न इंटरनेशनल में प्रधानाचार्या के पद पर कार्यरत हैं।

विद्यालय के निदेशक ई. भव्य जैन एवं सह-निदेशिका रुपाली जैन ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि डॉ. रुचि शर्मा को यह सम्मान मिलना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है।

## भगवान अग्रसेन को पुष्पांजलि अर्पित की

**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने भगवान अग्रसेन की पुष्पांजलि एवं आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

रेलवे स्टेशन स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विनोद गुप्ता ने कहा कि आईवीएफ द्वारा समाज हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

# सहारनपुर में बने नया आईआईटी: संजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग ने सहारनपुर को तकनीकी और उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने आईआईटी रुड़की के सहारनपुर स्थित द्वितीय परिसर और सीपीपीआरआई परिसर को मिलाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नया आईआईटी स्थापित करने की मांग की है।

संजय गर्ग ने बताया कि सहारनपुर मुख्यालय पर स्थित आईआईटी रुड़की का 25 एकड़ में फैला द्वितीय परिसर वर्तमान में सीमित पाठ्यक्रमों के साथ संचालित हो रहा है, जबकि इसके साथ स्थित केंद्र सरकार के कॉमर्स मंत्रालय से संबद्ध सीपीपीआरआई का लगभग 110 एकड़ परिसर उपलब्ध है। इन दोनों परिसरों को एकीकृत कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए एक पूर्ण विकसित आईआईटी संस्थान तैयार किया जा सकता है।

संजय गर्ग ने इस प्रस्ताव को क्षेत्रीय संतुलन, तकनीकी विकास और राष्ट्रीय शिक्षा विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री से इस दिशा में ठोस निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहारनपुर की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध भूमि और संस्थागत आधार इसे राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी संस्थान के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है तो सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े उच्च तकनीकी शिक्षा केंद्र के रूप में उभर सकता है।

# मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मारपीट व गाडी में तोडफोड के आरोप पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

पीड़ित मुर्सलीन पुत्र शकील निवासी ग्राम बढेड़ी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि पीड़ित व उसके छोटे भाई की मेडिकल जांच विगत 27 अप्रैल को कस्बा सुल्तानपुर के सरकारी अस्पताल में हुई थी। हमले में आई गंभीर और मर्मघाती चोटों के कारण पीड़ित तभी से अपना निरंतर इलाज करा रहा था इसलिए तहरीर देने देरी हो गई। आरोप है कि 27 अप्रैल को पीड़ित अपने भाई मुस्तकीम व नदीम के साथ चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम सालीरी से अपनी जमीन की पैमाइश कराकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पूर्व से रास्ते मे घात लगाए बैठे विपक्षीगण सरफराज व हैदर पुत्रगण सत्तार निवासी ग्राम बढेडी तथा साकिब व साखिर पुत्रगण जफर अली निवासी ग्राम घाना थाना देहात कोतवाली ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। तथा उन्हें गाड़ी से बाहर निकालकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में पीड़ित की गाडी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोहम्मद फारुख इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने आज ग्लोकल यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर का अवलोकन किया और यहां संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, आधुनिक सुविधाओं तथा करियर के विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर ग्लोकल लॉ स्कूल की डीन प्रो. अतिका बानो, डीएसडब्ल्यू प्रो. शोभा त्रिपाठी, गौरव कुमार, सुश्री नूर अफशा, अमीर अहमद तथा डॉ. उमर जहां उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, आधुनिक सुविधाओं तथा समग्र विकास के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और भविष्य के लक्ष्यों के अनुरूप पाठ्यक्रम चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार तथा व्यावसायिक विकास के महत्व पर विशेष जोर दिया। मोहम्मद फारुख इंटर कॉलेज के प्राचार्य मोहम्मद एहतिशाम तथा उप-प्राचार्य इर्तजा हसन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और अपनी रुचि के अनुसार उपयुक्त पाठ्यक्रम चुनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, करियर संभावनाओं तथा विश्वविद्यालय की सुविधाओं से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया, जिससे उन्हें अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य के बारे में स्पष्ट समझ प्राप्त हुई।

# करोड़ों के बिजनेस प्लान के कार्यों के दावों की हकीकत पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बिजली विभाग द्वारा जिले भर में बिजनेस प्लान के तहत आधारभूत ढांचे को मजबूत करने,बेहतर तार लगाने, कमर्शियल सुधार करने और सही बिलिंग के जरिए लाइन लॉस घटाने के दावे लगातार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही उपभोक्ता सेवाओं में सुधार, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और नई लाइनें, ट्रांसफॉर्मर व सब-स्टेशन स्थापित कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात भी कही जाती रही है। लेकिन हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है। शहर में मध्यम या तेज हवा चलते ही कई फीडरों की सप्लाई ट्रिप हो जाती है, जिससे बार-बार बिजली कटौती की समस्या सामने आती है। इससे न सिर्फ आम उपभोक्ता परेशान हैं, बल्कि छोटे कारोबार और दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब वर्षों से बिजनेस प्लान के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं, तो फिर बिजली व्यवस्था इतनी संवेदनशील क्यों बनी हुई है कि हल्के मौसम बदलाव में भी चरमरा जाती है। क्या सुधार कार्य केवल कागजों तक सीमित हैं या फिर जमीनी स्तर पर उनकी गुणवत्ता में कहीं कमी रह गई है?

# चौ. मुजफ्फर की माता के इंतकाल पर जताया शोक

## पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब रविवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली के तहरपुर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने मुजफ्फर अली की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पार्टी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उदय भानु चिब ने कहा कि परिवार के बुजुर्ग एक वृक्ष के समान होते हैं, जिनकी छाया हमेशा परिवार को संरक्षण देती है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर युवा कांग्रेस (पश्चिम उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विशाल चौधरी, पदयात्रा संयोजक रजत यादव आदि मौजूद रहे।

## तीन वांछित जेल भेजे

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने छेड़छाड़ व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एक महिला ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि बादशाहीबाग निवासी तीन युवकों ने उसकी बहन प्रिया के साथ गालीगलौच कर अश्लील हरकतें एवं कमेंट किए हैं। मना करने व रोकने पर उसके व उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। रविवार को थाना मिर्जापुर पुलिस ने प्रभारी सूबेसिंह व उपनिरीक्षक सचिन त्यागी के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# लियोनेल ऑपे फैलोशिप से नवाजे गए डा.मिगलानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एकेडमी ऑफ डायबिटीज एवं कार्डियोरीनल मेडिसिन लंदन एवं केईडी द्वारा 'डॉ. संजीव मिगलानी' को लियोनेल ऑपे फैलोशिप लंदन से सम्मानित किया गया।

आज मुंबई के जे.डब्ल्यू. मैरियट होटल में डायबिटीज, कार्डियक एवं रीनल मेडिसिन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में डा.मिगलान को यह सम्मान दिया गया। उत्तराखंड एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव मिगलानी को यू.के. लंदन से पधारे प्रोफेसर स्टेफन डेल प्रेटो, प्रोफेसर एले फर्नानिनी और प्रोफेसर रैली होलमैन द्वारा संयुक्त रूप से लियोनेल ऑपे फैलोशिप प्रदान की गई। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. संजीव मिगलानी को पिछले 25 वर्षों से डायबिटीज, कार्डियक एवं रीनल के क्षेत्र में निरंतर शोधपत्र प्रकाशित करने और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए यह प्रतिष्ठित फैलोशिप प्रदान की गई है। डॉ. मिगलानी इस क्षेत्र में उत्तर भारत के प्रमुख विशेषज्ञों में गिने जाते हैं।

कॉन्फ्रेंस में प्रोफेसर ग्यियान फेडिनी, प्रोफेसर लेम्बर, प्रोफेसर मार्क पेट्री, डायरेक्टर डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. शैलजा, डॉ. संजीव शाह, डॉ. टिनी नायर, अनंत निगम और डॉ. सदानंद सेठी समेत देश-विदेश के कई ख्यातिप्राप्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

डॉ. संजीव मिगलानी ने डीसीआर फोरम लंदन के एकेडमिक डायरेक्टरों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें डीसीआर के क्षेत्र में और अधिक शोध एवं मरीजों की सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

# गुरु गोरखनाथ का प्रकटोत्सव मनाया




**शाह टाइमस ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उपाध्याय समाज जागृति सभा द्वारा बाबा शिव अवतारी महायोगी गुरु गोरखनाथ जी दिव्य एवं पावन प्रकटोत्सव बड़े ही श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ हवन-पूजन करके मनाया गया।

रोटरी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उपाध्याय समाज जागृति सभा के संरक्षक मनोज उपाध्याय ने कहा कि नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक महायोगी गुरु गोरखनाथ ने योग साधना और आध्यात्मिक माध्यम से समाज को धर्म और अनुशासन का मार्ग दिखाया, उनका संदेश आज भी हमें सत्य, संयम और सेवा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। पूर्व पार्षद प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि उक्त आयोजन को बड़े स्तर पर आगामी वर्ष में गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी स्थल पर मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष मांगेराम उपाध्याय ने श्री गुरु गोरखनाथ के जन्मोत्सव पर सभी को हार्दिक बधाई दी। जिला उपाध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय ने मंच का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. ओमपाल सिंह उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष नानौता ने की।

कार्यक्रम में विशेष रूप से राज सिंह उपाध्याय, सब इंपेक्टर रिटायर्ड रामधन उपाध्याय, मा. महीपाल उपाध्याय, रणधीर उपाध्याय, योगी सचिन उपाध्याय, योगेश उपाध्याय, मा. संजय उपाध्याय लोटनी, राजकुमार उपाध्याय, जयकुमार उपाध्याय, मा. ओमपाल उपाध्याय, कालूराम उपाध्याय, मनजीत उपाध्याय, रणधीर उपाध्याय, योगी राहुल उपाध्याय, योगी मनोज शिवनाथ, उषा उपाध्याय, मेघा उपाध्याय, मांगेराम उपाध्याय, रामकुमार उपाध्याय आदि भारी संख्या में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चोरी की घटना का खुलासा

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने बैटरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए बैटरे, इनवर्टर व नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली

थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने प्रभारी सतेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक संजीव यादव के नेतृत्व में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों उस्मान व मुस्तहिर पुत्रगण सलीम तेली निवासीगण बादशाहपुर थाना बिहारीगढ़, दिलबहार पुत्र इकबाल तेली निवासी टांडा मान सिंह व सिरमौर पुत्र रामप्रसाद निवासी कुरडीखेड़ा थाना बिहारीगढ़ को रविदास मंदिर के आगे पिलर के पास कस्बा बिहारीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

# स.जस्सा सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया कलाल की 308 वीं जयंती समारोह मनाते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

प्रभु की रसोई में आयोजित कार्यक्रम में कलाल क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष विनीत कर्णवाल ने कलाल समाज के कुल गुरु सुल्तान उल कॉम सरदार जस्सा सिंह अहलूवालिया कलाल के जीवन परिचय में प्रकाश डाला। जिसके बाद नॉमिनेट पार्षद राजेश वालिया एवं जिला मंत्री भाजपा सारिका वालिया का कलाल क्षत्रिय महासभा के सभी पदाधिकारी ने माला एवं पटका डालकर स्वागत किया। प्रभु जी की रसोई के संयोजक शीतल टंडन ने सभी का स्वागत किया।

कलाल क्षत्रिय महासभा के संयोजक संजय कर्णवाल, उपाध्यक्ष भारत कर्णवाल, संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष राजीव भरतरी महामंत्री विराट जायसवाल, शरद जायसवाल, अनिल वालिया, रोहित कर्णवाल, कृष्णा जायसवाल, महेश कर्णवाल, नरेश जायसवाल, सुरेश कर्णवाल, अंकित कर्णवाल, अजय कर्णवाल, मोहन वालिया, भानु वालिया, नीरज वालिया, मनोज जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

